समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# अब चुनावी कामकाज होगा आसान, ECINET लाएगा 40 सर्विस एक जगह, जाने ऐप के बारे मे संबकुछ।

Publisher

Published on 05 May 2025



## ECINET सुपर ऐप के आने से अब चुनाव से जुड़ी सेवाएं लोगों की उंगलियों पर होंगी. चाहे आप वोटर हों, अधिकारी या फिर राजनीतिक पार्टी से जुड़े हो, एक ही प्लेटफॉर्म से सब कुछ आसान हो जाएगा.

जल्द ही वोटर्स और चुनाव से जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाने वालों के लिए एक बड़ी सुविधा शुरू होने जा रही है. दरअसल चुनाव आयोग यानी इलेक्शन कमीशन एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने जा रही है, जो चुनाव से जुड़ी लगभग 40 सर्विस को एक ही जगह लेकर आएगा. इस नए प्लेटफॉर्म का नाम है ECINET, जिसे मोबाइल ऐप और वेब दोनों के जरिए इस्तेमाल किया जा सकेगा.

अब नहीं करनी होगी अलग-अलग ऐप्स की झंझट
अब सवाल ये उठता है कि ये ऐप आपके और हमारे जैसे आम लोगों के लिए कैसे मददगार साबित होगा. तो अब तक वोटर हेल्पलाइन, CVIGIL, Suvidha 2.0 जैसे अलग-अलग ऐप्स को डाउनलोड करना पड़ता था, जिससे कई बार लोगों को परेशानी होती थी. खासकर जब हर ऐप के लिए अलग लॉगइन डिटेल्स याद रखनी पड़ती थी. लेकिन ECINET आने के बाद ये दिक्कत खत्म हो जाएगी. सभी अहम चुनावी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मौजूद होंगी, जिससे न सिर्फ वोटर्स बल्कि चुनाव में हिस्सा लेने वाले अफसरों और राजनीतिक दलों को भी फायदा होगा.

**कौन-कौन सी सर्विस होंगी शामिल ?**
ECINET में वो सभी ऐप्स शामिल किए जाएंगे जो अब तक अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल होते रहे हैं. जैसे:

**Voter Helpline ऐप**

CVIGIL (जहां आम नागरिक चुनावी गड़बड़ियों की शिकायत कर सकते हैं)
Suvidha 2.0 (राजनीतिक दलों के लिए परमिशन और चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी)
Saksham और KYC App (मतदाता पहचान और प्रशिक्षण से जुड़ी सेवाएं)
इन सभी ऐप्स को मिलाकर अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है. अब ये सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी.

**करोड़ों को मिलेगा सीधा फायदा**

ECINET के लॉन्च से करीब 100 करोड़ मतदाताओं को सीधा फायदा होगा. इसके अलावा चुनाव में शामिल अलग-अलग स्तर के लाखों अधिकारी भी इससे जुड़ेंगे. इनमें शामिल हैं:

10.5 लाख BLO (बूथ लेवल ऑफिसर)
15 लाख BLA (राजनीतिक पार्टियों के बूथ एजेंट)
45 लाख मतदान कर्मी
15,000 से ज्यादा AERO (सहायक निर्वाचक नामांकन अधिकारी)
4,000+ ERO (निर्वाचक नामांकन अधिकारी)
767 जिला निर्वाचन अधिकारी
सटीक और भरोसेमंद जानकारी

इस प्लेटफॉर्म पर जो भी जानकारी मिलेगी, वह चुनाव आयोग के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा अपडेट की जाएगी. इससे यूजर्स को भरोसेमंद और सही जानकारी मिलेगी, जिससे चुनावी पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी.

**क्यों है ये एक बड़ा कदम ?**

चुनाव आयोग का ये डिजिटल बदलाव न सिर्फ टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को बढ़ावा देगा, बल्कि इससे भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया को और ज्यादा सरल, पारदर्शी और इफेक्टिव बनाया जा सकेगा। ECINET सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया को स्मार्ट और आसान बनाने की दिशा में एक मजबूत पहल है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.